संतोष जाधव
97633 55727
95959 90200
साँई ट्रेव्हल्स
जेस्ट, इनोवा, टवेरा, झायलो डिजायर, विस्टा एव सभी प्रकार की लक्झरी गाड़ियां किराये पर उपलब्ध
मामा चौक, सिविल लाईंस, गोंदिया

साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | R. No.: **MAH-HIN-10169**



वर्ष : 2 | अंक : 25 गोंदिया : गुरुवार, 27 जनवरी से 2 फरवरी 2022 ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5

## अतिक्रमणकारियों पर नप व यातायात विभाग ने की कारवाई

### नेहरु चौक से गोरेलाल चौक तक दुकानदारों को दी चेतावनी



बुलंद गोंदिया - स्थानिक नेहरु चौक से गोरेलाल चौक तक मार्ग पर व्यवसायियों द्वारा दुकानों के सामने सडक पर सामान सजाकर रखा जाता है। आवागमन दौरान बाधा निर्माण होने से वाहनचालकों सहित राहगिरों को परेशानियों से गुजरना पडता है। व्यवसायियों को नप कर्मी तथा पुलिसकर्मियों ने अनेक बार समझाते हुए चेताया। बावजूद समस्या जस की तस बनी रहने से 25 जनवरी की दोपहर 1 से 1.30 बजे के दौरान पुलिस बंदोबस्त में अतिक्रमणकारी व्यवसायियों पर कारवाई की गई। बाधा निर्माण करनेवाले तीन व्यवसायियों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

गौरतलब है कि, शहर के मार्केट में व्यवसायियों ने हजारों की संख्या में दुकाने खोल रखी है। जिसमें कपडा दुकान, सराफा, बर्तन, किराना, दवाई दुकाने बडी तादाद में नजर आती है। दुकानों के सामने सडक पर व्यवसायियों ने सामानों को बेचने रखा है। खरीददार सामानों को खरीदने सुबह से देर शाम तक दुकानों में पहुंचते है। मार्केट में पार्कींग की विकराल समस्या होने से खरीददारों द्वारा दूकानों के सामने वाहनों को घंटो देर तक खडा किया जाता है। सडकों पर खडे वाहनों से आवागमन दौरान बाधा निर्माण होने से सडक पर जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। वहीं छुटपुट घटनाएं भी घटित हो रही है। शहर के नेहरु चौक से लेकर गोरेलाल चौक तक का मार्ग मार्केट परिसर का मुख्य मार्ग होने से हमेशा अतिव्यस्त नजर आता है। इस मार्ग पर नगर परिषद द्वारा दूकानों का निर्माण किया गया है। जिन्हें व्यवसायियों को किराए से दिया जाता है। स्टेडियम समीप के मार्ग पर रेडीमेड कपडा व्यवसायियों की मनमानी चरम पर पहुंच चुकी है। पुलिसकर्मी तथा नप कर्मियों के लाख समझाने के बावजूद व्यवसायी सडक पर खंभे बांधकर कपडों को टांगकर बेचने में मशगूल नजर आते है। इन व्यवसायियों पर यातायात पुलिसकर्मियों द्वारा अनेक मर्तबा कारवाई की गई। बावजूद समस्या तस की तस बनी रहने से 25 जनवरी की दोपहर पुलिस बंदोबस्त में नप कर्मियों ने व्यवसायियों पर कारवाई का डंडा चलाया। दूकानों के सामने बांधे टिन, बांस हटवाने की बात कही। जिस पर व्यवसायियों ने विरोध जताते हुए कारवाई में बाधा निर्माण करने का प्रयास किया। उन व्यवसायियों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया। ऐसा ही नजारा शहर के मुख्यमार्गो पर आए दिन नजर देखा जाता है।

**तीन व्यवसायियों पर पुलिस ने किया मामला दर्ज**

अतिक्रमण कारवाई के दौरान तीन व्यवसायियों ने विरोध जताते हुए कारवाई में बाधा निर्माण करने का प्रयास किया। उन व्यवसायियों के खिलाफ पुलिसकर्मी निलेश बाडने की शिकायत पर गोंदिया शहर पुलिस ने व्यवसायी सिंधी कॉलोनी निवासी शंकर जेठानंद चांदवानी (46), छोटा गोंदिया निवासी कैलाश लक्ष्मण शेंडे (46) व माताटोली निवासी मनीष मोहनलाल चांदवानी (32) के खिलाफ भादंवि की धारा 283 के तहत मामला दर्ज किया।

## दुर्घटना में विधायक पुत्र का निधन

### वर्धा मार्ग हुई दुर्घटना में एमबीबीएस के ७ विद्यार्थियों की मृत्यु





### क्षेत्र में शोक की लहर

संवाददाता, तिरोड़ा - वर्धा-यवतमाल मार्ग के सेलसुरा भदाडी नदी के पुल पर 7 एमबीबीएस विद्यार्थियों की कार दुर्घटना में मृत्यु होने की दर्दनाक घटना 25 जनवरी की रात 1.30 से 2 बजे के दौरान घटित हुई। इस दुर्घटना में तिरोड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजय रहांगडाले के पुत्र अविष्कार (21) की मृत्यु हो गई। घटना की जानकारी सुबह जिलीवासियों व राजनितिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को मिली तो क्षेत्र में शोक की लहर छा गई। वर्धा के सरकारी अस्पताल में शव विच्छेदन कर अविष्कार के शव को उनके पैतृक ग्राम खमारी में दोपहर 4 बजे के दौरान लाया गया। जैसे ही अविष्कार का शव तिरोड़ा पहुंचा तो उनके अंतिम दर्शन करने जनसैलाब उमड़ पड़ा। उसके बाद देर शाम को पैतृक गांव खमारी के मोक्षधाम पर अंतिम संस्कार किया गया। अविष्कार की अंतिम यात्रा में विधायक विजय रहांगडाले, विधायक विनोद अग्रवाल, सहेषराम कोरोटे, पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल, राजेंद्र जैन, संजय पुराम, चरण वाघमारे, केशोराव मानकर, रविकांत बोपचे, संजय टेंभरे सहित जिले के जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**परिवार का इकलौता वारिश था अविष्कार**

इस संदर्भ में जानकारी दी गई कि विधायक विजय रहांगडाले इन्हें इकलौता बेटा अविष्कार था। वह बचपन से ही होशियार था, उसकी ख्वाईश थी कि वह एक अच्छा सफल चिकित्सक बन सके। प्राथमिक पढ़ाई खमारी, तिरोड़ा में पुरी कर 10 वीं की पढ़ाई गोंदिया के मनोहरभाई मिल्ट्री स्कूल में पुरी की। उसके बाद कक्षा 12 वीं व नीट की परीक्षा की पूर्व तैयारी नागपुर में पूर्ण की। नीट में अच्छे अंक मिलने से वर्धा जिले के सावंगी के मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए वर्ष 2020-21 शैक्षणिक सत्र में एमबीबीएस के प्रथम वर्ष में प्रवेश कर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा था। लेकिन कार दुर्घटना से अविष्कार का सपना अधूरा ही रह गया और दुर्घटना में उसकी मृत्यु हो गई। अब विधायक रहांगडाले के परिवार में दुसरा कोई वारिश नहीं रहा।

**प्रधानमंत्री मोदी ने जताया शोक**

भीषण कार दुर्घटना में भावी 7 डाक्टरों की मृत्यु हो गई। इस घटना की जानकारी मिलते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ट्वीट कर शोक व्यक्त किया और घोषणा कर दी कि प्रत्येक मृतकों के परिवारों को 2 लाख रुपए की मदद की जाएगी।

## मंगलसूत्र लुटेरे २ आरोपियों को अपराध शाखा ने धर दबोचा

बुलंद गोंदिया - गोंदिया ग्रामीण पुलिस थानाअंतर्गत ग्राम जब्बारटोला परिसर रास्ते किनारे चनाजुडी बेचने बैठी 60 वर्षीय महिला के गले से दोपहिया सवार 2 चोरों ने मंगलसूत्र चुरा लिया। महिला की शिकायत पर गोंदिया ग्रामीण पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया। जांच के दौरान गुप्त जानकारी के आधार पर दुपहिया सवार 2 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा। पूछताछ दौरान आरोपियों ने महिला के गले से मंगलसूत्र चुराने की बात कबूल की। 24 जनवरी की रात स्थानिक अपराध शाखा पुलिस ने कारवाई को अंजाम दिया है। आदेश अरविंद रामटेके (20) व दिनेश बाबूलाल नेवारे (21) दोनों गिरोला निवासी आरोपियों के नाम बताए गए।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तहसील के ग्राम जब्बारटोला निवासी फुलवंता बेवा बाबुलाल चिखलोंडे (60) प्रतिदिन की तरह 21 जनवरी की दोपहर 2.30 बजे परिसर के रास्ते किनारे बैठकर चनाजुडी बेच रही थी। उपरोक्त आरोपियों ने महिला से चनाजुडी खरीदी। इसी दौरान महिला के गले पर नजर जाने पर आरोपियों ने मंगलसूत्र चोरी करने का मन बनाया। प्लानिंग के मुताबिक दोनों महिला के करीब दोबारा पहुंचे। उन्होंने दोबारा चनाजुडी खरीदी कर उसे 200 रुपए दिए। उन्हें बाकी पैसे लौटाने का प्रयास कर रही थी कि इसी दौरान आरोपियों ने मंगलसूत्र पर झपटा मारकर दोपहिया क्रमांक एमएच-31 डीवाय 5981 से फरार हो गए। घटना की शिकायत गोंदिया ग्रामीण थाने में दर्ज करवाई गई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भादंवि की धारा 392, 34 के तहत मामला दर्ज किया। जांच दौरान गुप्त जानकारी के आधार पर उपरोक्त आरोपियों को पुलिस ने गोंदिया शहर के रेलटोली परिसर के माल गोदाम मार्ग पर दबोचा। पूछताछ दौरान दोनों ने महिला के गले से मंगलसूत्र चुराने की बात कबूल की। चोरी गए मंगलसूत्र की किमत 26 हजार रुपए बतायी गयी है। उक्त कारवाई पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे के मार्गदर्शन में स्थानिक अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक बबन आव्हाड, पुलिस उपनिरीक्षक तेजेंद्र मेश्राम, जीवन पाटील, पुलिस हवालदार राजेंद्र मिश्रा, चित्तरंजन कोडापे, पुलिस नायक महेश मेहर, नेवालाल भेलावे, इंद्रजीत बिसेन, पुलिस कॉंस्टेबल विजय मानकर, संतोष केदार, चालक पुलिस शिपाई खरवडे ने की। पुलिस अधीक्षक ने टीम में सहभागी अधिकारी व कर्मचारियों का अभिनंदन किया।

### जिले में शीतलहर की चेतावनी

बुलंद गोंदिया - गोंदिया जिला आपदा व्यवस्थापन प्रबंधन विभाग द्वारा प्रादेशिक मौसम केंद्र नागपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जानकारी दी है कि गोंदिया जिले में 25, 26 व 27 जनवरी को शीतलहर चलने की चेतावनी दी है। जिससे जिले के तापमान में गिरावट आने के साथ ही ठंडी का प्रकोप भी बढ़ सकता है। बढ़ रही ठंडी को देखते हुए नागरिकों सावधानी बरतें, ताकि मौसमी बीमारियों से बचा जा सके।

Health & Beauty
NUGA BEST
www.nuagmedical.com
आपकी रीढ़ की हड्डी का संपूर्ण प्रबंधन
SHRI GIRDHARI LAXMI HEALTH CARE CENTER, GONDIA
Near Mazar, Ring Road, Gondia - 441 614
Mob. : 7350199115, 7666773484
प्रजासत्ताक दिनानिमित्त
हार्दिक शुभेच्छा !

प्रजासत्ताक दिनानिमित्त हार्दिक शुभेच्छा...
रुपेश (सोनु) कुथे
जिल्हा परिषद क्षेत्र, नागरा
प्रजासत्ताक दिन...

प्रजासत्ताक दिनानिमित्त
हार्दिक शुभेच्छा...
र.नं.: 968
मैत्रीजन
मागासवर्गीय सहकारी पत संस्था मर्या. आमगांव
आंबेडकर चौक, आमगांव, जि.गोंदिया

गोंदिया डिस्ट्रीक्ट केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट असोशिएशन
केमिस्ट भवन, साई मंदिर के पा, सिविल लाईन, गोंदिया - 441 601 (महाराष्ट्र)
उत्पल शर्मा
अध्यक्ष / सहसचिव, नागपुर झोन एमएससीडीए
सुशील शर्मा - मानद सचिव
राजेश अग्रवाल - उपाध्यक्ष
रुपेश रहांगडाले - कोषाध्यक्ष
ललित सोनछात्रा - सहसचिव
रुपेश तिवारी - संघठन सचिव
सुशेनजीत शाहा - टीआरसी कन्वेनर
को.ऑप. सदस्य : सुनील गंगवानी, श्यामभाऊ येवले
पूर्व अध्यक्ष : इंद्रपाल नागपुरे, संतोष अग्रवाल, संजय के.दुबे, आत्माराम गंबानी
वरिष्ठ सलाहकार
निशांत गुप्ता, अशोक चौव्हान, अरुण प्रतापसिंह, सुनील गोयल, विकेश सोनछात्रा, विजयकुमार लौगारे पुरुषोत्तम अग्रवाल, नवलकिशोर चांडक, संतोष भूते, तेजलाल रहांगडाले, भोजराज धामेचा, दिनेश दमाहे
कन्वेनर
विष्णुकुमार अग्रवाल / रमेश शर्मा - पीआयएस कमेटी
नितेश बिसेन - केमिस्ट भवन कमेटी
संकेत रहांगडाले - एकता बुलेटिन कमेटी
अजय अग्रवाल - जनसंपर्क कमेटी
योगेश बडपैया - मीडिया कमेटी
रामसिंह भारद्वाज - एक्सपायरी/ब्रेकेज़ कमेटी
कार्यकारिणी सदस्य
नरेन्द्र बहेतवार (आमगांव), चैतराम शेन्डे (तिगांव, आमगांव), चंद्रशेखर बघेले (गोरेगांव), तजिन्दरसिंग भाटिया (देवरी), छगन कापगते (सड़क अर्जुनी), धरमवीर रहाटे (तिरोड़ा), कृष्णकुमार राऊत (परसवाड़ा, तिरोड़ा), अनिल राठी (मोरगांव अर्जुनी) विश्वनाथ मेन्ढे (सालेकसा), मनोज पटनायक (गोंदिया), कुमार गोपलानी (गोंदिया), ललीत बघेले (कुड़वा, गोंदिया) मनोजकुमार नैकाने (खातिया, गोंदिया), निलकंठ लांजेवार (दवनीवाड़ा, गोंदिया) एवं समस्त सदस्यगण

## संपादकिय

# नो पॉलिटिक्स प्लीज

इसमें संदेह नहीं कि देश की आजादी के लिए लाखों लोगों ने कुर्बानियां दीं और इन सबकी तपस्या के परिणाम के रुप में देश को आजादी हासिल हुई। खास तौर पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की बात की जाए तो यह सच है कि आजादी की लड़ाई में उनके योगदान को उस रुप में मान्यता नहीं मिल सकी, जैसी मिलनी चाहिए थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नेताजी सुभाषचंद्र बोस की 125वीं जन्मतिथि के मौके पर उनकी होलोग्राम प्रतिमा का अनावरण करते हुए कहा कि देश अतीत की गलतियों को दुरुस्त करने की राह पर है। उनका मतलब आजादी के योद्धाओं की आजाद भारत में हुई उपेक्षा से था। इस क्रम में उन्होंने इंडिया गेट पर नेताजी की भव्य मूर्ति स्थापित करने की घोषणा के साथ ही सरदार वल्लभभाई पटेल, बाबासाहब डॉ. भीमराव आंबेडकर और बिरसा मुंडा जैसी विभूतियों की स्मृतियों को सम्मान देने के लिए सरकार की ओर से उठाए गए कदमों का जिक्र किया।

इसमें संदेह नहीं कि देश की आजादी के लिए लाखों लोगों ने कुर्बानियां दीं और इन सबकी तपस्या के परिणाम के रुप में देश को आजादी हासिल हुई। खास तौर पर नेताजी सुभाषचंद्र बोस की बात की जाए तो यह सच है कि आजादी की लड़ाई में उनके योगदान को उस रुप में मान्यता नहीं मिल सकी, जैसी मिलनी चाहिए थी। कांग्रेस और महात्मा गांधी के नेतृत्व में चली आंदोलन की अहिंसक धारा की बहुत ज्यादा चर्चा हुई, इस मुकाबले नेताजी और उनकी आजाद हिंद फौज की प्रभावी भूमिका काफी हद तक पृष्ठभूमि में रह गई। मगर इसके बावजूद देश के आम जनमानस में नेताजी का स्थान कहीं से भी कम महत्वपूर्ण नहीं रहा। आज भी देशवासियों के मन में नेताजी के लिए वैसा ही आदर और सम्मान है जैसा गांधी, नेहरु और अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के लिए।

दूसरी बात यह कि आजादी की लड़ाई के दौरान इसमें अलग-अलग तरह से योगदान कर रहे इन व्यक्तित्वों में विभिन्न बिंदुओं पर असहमतियों के बावजूद आपसी तालमेल और परस्पर सम्मान की भावना लगातार बनी रही। उन सबको पता था कि रास्तों को लेकर उनकी प्राथमिकताओं में भले अंतर हो, मंजिल सबकी एक है। वे सब भारत को एक स्वतंत्र, सम्मानित और संपन्न देश के रुप में देखना चाहते थे। इसलिए चाहे नेताजी हों या स्वतंत्रता संग्राम के अन्य सेनानी, उनके योगदान को रेखांकित करना, उनके लिए अलग-अलग तरह से सम्मान प्रदर्शित करना तो स्वाभाविक है, हर कृतज्ञ राष्ट्र ऐसा करता है, लेकिन गलती से भी इसे राजनीति का हिस्सा नहीं बनने देना चाहिए। ऐसा हुआ तो यह एक गलत और खतरनाक परंपरा को जन्म दे सकता है। ये स्वतंत्रता सेनानी देशवासियों की साझा विरासत का हिस्सा हैं।

अगर किसी भी वजह से ऐसा संदेश जाता है कि कोई एक पक्ष किसी खास नेता के सहारे अपना वोट बैंक पक्का करना चाहता है तो दूसरी पार्टियां भी इस होड़ में कूद पड़ेंगी। इसका शुरुआती संकेत अमुक को ज्यादा अहमियत देने और अमुक के योगदान को मिटाने की साजिश रचने जैसे बयानों में ही नहीं, दक्षिण के स्वतंत्रता सेनानी बनाम उत्तर के स्वतंत्रता सेनानी की बहस के रुप में भी देखा जा सकता है। इस ढलान पर एक बार लुढ़क गए तो कहां जाकर रुकेंगे कोई नहीं जानता। इसलिए बेहतर होगा कि समय रहते इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगा दिया जाए।

## तुम नहीं तो कुछ भी नही..

जो तुम नहीं तो मेरा ही अस्तित्व नहीं,
क्या हूं मैं, तुमसे शुरु तुम पर खत्म,
तुम्हारे बिना जिंदगी, जिंदगी नही,
जो तुम नहीं तो मेरा अस्तित्व ही नहीं,
जो तुम ना हो तो कुछ खास नहीं,
जिंदगी में कोई हसीन एहसास नहीं,
रोती हूं, तड़पती हूं, बिखर जाती हूं,
जो तुम ना हो तो उठने का साहस ही नही,
तुमसे हम कभी दूर हो सकते नही,
ये सपना है बस हकीकत तो नही,
तुम में ही पाए मैने सारे रिश्ते है,
तुमसे दूर होने का सवाल ही नहीं,
दूर होने की बाते सोचूं कभी नही,
आपके अलावा आपसे चाहूं कुछ नही,
चलो फिर मिल बैठे शिकवे दूर करे,
जो तुम नहीं तो मेरा अस्तित्व ही नहीं...



रिया गाजीपुरे
गोंदिया

## किसानों को समर्पित -डॉ.लोकेश

होना ना होना एक समान
क्यो सीधा इंसान हो गया
क्यों छोटा किसान हो गया
मेरा होना ना होना
एक समान हो गया ।।
बचपन सीधा-साधा
जीवन सीधा-साधा
बाजारु होशियारी से
अनजान रहे गया
मेरा होना ना होना
एक समान हो गया ।।
ना पैसों की ताकत
ना है बड़ी पहचान मेरी
जीवन इमानदारी का
क्यों बोझ समान हो गया
मेरा होना ना होना
एक समान हो गया।।
तकलीफ है मुझे
मैं चिल्ला रहा हूं
मेरी पीड़ा मेरा सच
क्यों गुमनाम रह गया
मेरा होना ना होना
एक समान हो गया।।

पैसा होता तो शायद
कीमत भी होती
नेता, अभिनेता की
संगत भी होती
क्यों आवाज दबाना मेरी
आसान हो गया
मेरा होना ना होना
एक समान हो गया।।
संविधान भी है सरकार भी है
दरबार भी है अखबार भी है
फिर भी क्यों उपहास मेरा,
हे भगवान हो गया
मेरा होना ना होना
एक समान हो गया।।




## साप्ताहिक राशिफल

मेष : धन संबंधित मामलों के लिए समय अनुकूल चल रहा है, जल्द ही कोई आर्थिक लाभ मिलने की संभावना है। घर के कामों में मदद करने के आपके स्वभाव की सभी तारीफ करेंगे। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम अधिकांश शारीरिक बीमारियों को दूर रखने में मददगार साबित होगा।

वृषभ : कार्यक्षेत्र पर अपने अधिकारों को बांटना काम करने का सही तरीका साबित होगा जिसके चलते आप पर काम का बोझ कुछ कम होगा। इस सप्ताह खुशखबरी आपका इंतजार कर रही है। शेयर मार्केट में खोया हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है।

मिथुन : किसी खानदानी विरासत के मिलने में समय लग सकता है, इसलिए खुद पर नियंत्रण रखें। नवविवाहित जोड़े एक-दूसरे के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। यात्रओं के योग बन रहे हैं। मनपसंद जगह घूमने का मौका मिल सकता है।

कर्क : समाज में आपके द्वारा किए गए प्रयासों की सभी सराहना करेंगे जिसके चलते आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी और पहचान मिलेगी। सैलरी में बढ़ोतरी के आपके अनुरोध को सहानुभूति के सुना जा सकता है। किसी को उधार दिया हुआ पैसा तुरंत वापस मिल जाएगा।

सिंह : किसी विशेष व्यक्ति से विदेश जाकर मिलने की इच्छा जल्दी ही पूरी होने की संभावना है। इस सप्ताह आप में से कुछ लोग प्रोफेशनली खुद को बेड़ियों में जकड़ा हुआ और असहाय महसूस कर सकते हैं। विवेकपूर्ण तरीकों से खर्च करने की आवश्यकता है।

कन्या : कार्यक्षेत्र पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के चलते उच्च अधिकारियों का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित करने में कामयाब होंगे। प्रॉपर्टी विवाद की संभावना है, इसलिए बेहतर होगा कि आप समय रहते ही इस समस्या का सौहार्दपूर्ण तरीके से समाधान ढूंढने की कोशिश करें।

तुला : इस सप्ताह धन संबंधित चली आ रही समस्या को सुलझने के लिए समय देने की आवश्यकता होगी। थकान के चलते सुस्ती महसूस कर सकते हैं। पढ़ाई में आपसे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा सकती है।

वृश्चिक : यात्रओं पर जाने के योग बन रहे हैं। शहर से बाहर परिवार के साथ किसी यात्र पर जाना मजेदार साबित होगा। रोमांस के लिए ये सप्ताह संतोषजनक साबित होगा। अपने साथी के कैंडल लाइट डिनर पर जाकर रोमांचित महसूस करेंगे।

धनु : प्रेम संबंधों के लिए समय अनुकूल चल रहा है, अपने साथी के साथ समय बिताना और गिफ्ट देना संतोषजनक साबित होगा। विदेश यात्र पर जाना मजेदार साबित होगा। रियल स्टेट से जुड़े लोग किसी अच्छी डील को करने में कामयाब होंगे।

मकर : इस सप्ताह समाज में आपकी लोकप्रियता काफी बढ़ सकती है। करियर के लिए यह सप्ताह काफी उत्कृष्ट साबित होगा। करियर में तरक्की के योग बन रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने की संभावना है। इस सप्ताह आपके शुभचिंतक आपका सहयोग करेंगे।

कुंभ : धनलाभ के योग बन रहे हैं। कुछ समय पहले शुरु किए गए किसी व्यवसाय से लाभ मिलने की संभावना है। आप किसी ऐसे व्यक्ति का सही मार्गदर्शन करने में सफल होंगे, जो आप पर पूरा विश्वास कर रहा है। अपने व्यावसायिक हितों को आगे बढ़ाने का अवसर मिल सकता है।

मीन : यात्रओं से अच्छा व्यापार मिलने की संभावना है। इस सप्ताह आर्थिक रुप से आप खुद को बेहतर स्थिति में पाएंगे। अपने किसी ड्रीम प्रोजेक्ट में निवेश करने की योजना बना सकते हैं। घर का माहौल शांत और खुशनुमा रहेगा। प्रेम संबंधों को लेकर ये सप्ताह संतोषजनक रहेगा।

## आज की बात



तमन्ना मतलानी
गोंदिया

## जीना चाहता हूँ

मैं भी किसी के आँख का तारा
और किसी के भविष्य का सहारा हूँ,
सरहद पर मर-मिटने को नहीं
देश की रक्षा करने आया हूँ।
हर पल देश की सरहद पर
उस मौत का सामना मैं करता हूँ,
दुश्मन मेरे देश में घुसने न पाए
इसलिए हर पल सजग मैं रहता हूँ।
खून के अश्रु तब मैं रोता हूं
मेरे अपने ही जब मुझ पर वार करें,
हाथों में हथियार रहें फिर भी
प्रहार उन पर नहीं करता हूँ।
जब तक मुझमें प्राण हैं बाकी
माँ सीमाओं पर तेरी रक्षा मैं कर लूंगा,
पर देश के भीतर छिपे गद्दारों से
तेरी रक्षा मैं कैसे करूँगा...
दुश्मनों के मददगार हैं बैठे
देश के भीतर फन फैलाए,
कहते हैं हमको यह कर्तव्य तुम्हारा
सैनिक तो सिर्फ, मरने को आए।
ऐसी सोच रखने वालों से
अब हमको ही तो लड़ना है,
जहरीले साँपों के फन
हमको ही मिलकर कुचलना है।
हे माँ, जब तक तेरे दुश्मन
अंतिम श्वासें अपनी न गिन लें,
है तमन्ना तेरी रक्षा की खातिर मरना नहीं,
सिर्फ और सिर्फ मैं जीना चाहता हूँ।।

# विश्व के लिये वर्ष २०२२

2022 (MMXXII) ग्रेगोरियन कैलेंडर के शनिवार से शुरु होने वाला एक सामान्य वर्ष होगा, कॉमन एरा (CE) और एनो डोमिनि (AD) पदनामों का 2022 वां वर्ष, तीसरी सहस्राब्दी और 21वीं सदी का 22वां वर्ष, और तीसरा वर्ष 2020 के दशक का वर्ष।


संयुक्त राष्ट्र ने 2022 को अंतर्राष्ट्रीय कारीगर मत्स्य पालन और जलीय कृषि और कांच के अंतर्राष्ट्रीय वर्ष के रुप में घोषित किया है।

**2022 भविष्यवाणियां और निर्धारित कार्यक्रम**

- 1 जनवरी - संगीत आधुनिकीकरण अधिनियम के 2018 अधिनियमन के बाद, और कॉपीराइट की अवधि के आगे कोई विस्तार नहीं मानते हुए अंतरिम में कानून बन गया, 1923 से पहले तय की गई सभी ध्वनि रिकॉर्डिंग यू.एस. में सार्वजनिक डोमेन में प्रवेश करेंगी। इसके साथ ही, 1926 में प्रकाशित पुस्तकें, फिल्में और अन्य कार्य भी सार्वजनिक डोमेन में प्रवेश करेंगे।
- 8 जनवरी - शुक्र पृथ्वी से 0.2658 AU (39.76 मिलियन किमी 24.71 मिलियन मील 103.4 LD) से गुजरेगा।
- 30 जनवरी - 2022 पुर्तगाली विधायी चुनाव
- 4 फरवरी - 20 फरवरी - 2022 शीतकालीन ओलंपिक बीजिंग में आयोजित किया जाएगा, जिससे यह ग्रीष्मकालीन ओलंपिक और शीतकालीन ओलंपिक दोनों की मेजबानी करने वाला पहला शहर बन जाएगा।
- 6 फरवरी - यदि अभी भी जीवित हैं और राज कर रही हैं, तो महारानी एलिजाबेथ द्वितीय इस तिथि पर अपनी प्लेटिनम जयंती मनाएंगी, जो कि सिंहासन पर 70 साल का प्रतीक है, एक ऐसा निशान जो उनके सामने किसी अन्य ब्रिटिश सम्राट ने नहीं रखा है।
- 28 फरवरी - मिस्र यूनाइटेड किंगडम से आजादी के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाएगा।
- मार्च - सर्न के लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर का रन 3 शुरु होगा।
- 9 मार्च - 2022 दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति चुनाव
- मार्च 27 - 2022 हांगकांग के मुख्य कार्यकारी चुनाव
- 3 अप्रैल - 2022 सर्बियाई आम चुनाव
- 10 अप्रैल - 2022 फ्रांस के राष्ट्रपति चुनाव
- 14 अप्रैल - 9 अक्टूबर - यलोरिएड 2022
- 5 मई - अगला उत्तरी आयरलैंड विधानसभा चुनाव
- 9 मई - 2022 फिलीपीन आम चुनाव।
- 0-14 मई - यूरोविजन सांग प्रतियोगिता 2022 का आयोजन ट्यूरिन, इटली में किया जाएगा।
- 29 मई - 2022 कोलम्बियाई राष्ट्रपति चुनाव
- 24 जून - न्यूजीलैंड की प्रधान मंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने घोषणा की कि इस तारीख को मातरिकी का पहला सार्वजनिक अवकाश होगा।
- 4 जुलाई - यदि एक नए संविधान के लिए निश्चित प्रस्ताव अभी भी पहले मतदान नहीं किया गया है, तो चिली में संवैधानिक सम्मेलन को इस तिथि पर मसौदे को वोट देना होगा, और बाद में कानून द्वारा स्थापित एक साल की समय सीमा को देखते हुए इसे भंग कर दिया जाएगा।
- 6 जुलाई - 31 जुलाई - इंग्लैंड में यूईएफए महिला यूरो 2022
- 7 जुलाई - 17 जुलाई - 2022 विश्व खेल
- 28 जुलाई - 8 अगस्त - 2022 राष्ट्रमंडल खेल
- 14 अगस्त - पाकिस्तान अपना प्लैटिनम (75वां) स्वतंत्रता दिवस मनाएगा।
- 15 अगस्त - भारत अपना प्लैटिनम (75वां) स्वतंत्रता दिवस मनाएगा।
- 26 अगस्त - 15 सितंबर - ईएसए के जुपिटर आइसी मून्स एक्सप्लोरर को लॉन्च किया जाना है।
- 7 सितंबर - ब्राजील अपनी द्विशताब्दी स्वतंत्रता का जश्न मनाएगा।
- 11 सितंबर - 2022 स्वीडिश आम चुनाव
- 2 अक्टूबर 2022 ब्राजील के आम चुनाव
- 8 नवंबर - 2022 के अमेरिकी चुनाव 118 वीं कांग्रेस का चयन करेंगे, जो 2020 की अमेरिकी जनगणना और राज्य और स्थानीय अधिकारियों को दर्शाने वाले पुनर्वितरण के बाद पहली बार होगी।
- 21 नवंबर - 18 दिसंबर - 2022 फीफा विश्व कप कतर में, मई और सितंबर के बीच गर्मी की गर्मी और 2022 शीतकालीन ओलंपिक के साथ टकराव दोनों से बचने के लिए।
- 15 दिसंबर - इस तिथि से पहले एक आम चुनाव प्रदान नहीं किया जाता है, 2020 में किए गए एक रोटेशन समझौते के हिस्से के रुप में, लियो वराडकर आयरलैंड गणराज्य के ताओसीच (प्रधान मंत्री) के रुप में माइकल मार्टिन का स्थान लेंगे।

**तारीख अज्ञात (नामालूम)**

- चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं राष्ट्रीय कांग्रेस शी जिनपिंग प्रशासन के तहत चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नए नेतृत्व का चुनाव करेगी।
- लूनर गेटवे का पहला घटक, प्रस्तावित रहने योग्य अंतरिक्ष स्टेशन, जिसे चंद्र कक्षा में कई अंतराष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा कार्यान्वित किया जाना है, एक अनिर्धारित वाणिज्यिक लॉन्च वाहन द्वारा वितरित किया जाना तय है।
- डार्क एनर्जी का अध्ययन करने के लिए मानव रहित यूक्लिड अंतरिक्ष जांच का नियोजित प्रक्षेपण।
- जर्मनी अपने अंतिम परमाणु ऊर्जा संयंत्रों को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की योजना बना रहा है।
- 73पी/श्वासमैन-वाचमन संभवत: उल्का बौछार का कारण बनेगा।
- भारत इस साल तक अपनी पहली मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान शुरु करने की योजना बना रहा है।
- चुउक राज्य माइक्रोनेशिया के संघीय राज्यों में एक स्वतंत्रता जनमत संग्रह आयोजित करेगा। (उद्धरण वांछित)
- न्यू होराइजन्स जांच कुइपर बेल्ट के अपने अध्ययन को पूरा करेगी।
- भारत के दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाले देश के रुप में चीन से आगे निकलने की उम्मीद है।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन 2022 में किसी समय चंद्रयान-3 चंद्रमा मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है। (उद्धरण वांछित)
- वेरा सी. रुबिन वेधशाला की पहली रोशनी 2022 में होने का अनुमान है, जिसमें एक साल बाद पूर्ण विज्ञान संचालन शुरु होगा।
- 2022 हंगेरियन संसदीय चुनाव होने वाला है। (उद्धरण वांछित)
- 2022 एशिया कप श्रीलंका में आयोजित होने वाला है। (उद्धरण वांछित)
- 2022 का ऑस्ट्रेलियाई संघीय चुनाव 21 मई 2022 के बाद होने वाला है।



साभार : विकिपेडिया

# १ फरवरी से होंगी शुरु ८ वीं से १२ वीं तक की जिले की सभी स्कूलें

## जिलाधिकारी ने जारी किया आदेश



बुलंद गोंदिया - राज्य व जिले में कोरोना संक्रमण के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए स्कूलों को बंद किया गया था। जिस पर सरकार द्वारा हाल ही में स्कूलों को फिर से शुरु करने का निर्णय जारी किया जिसके अंतर्गत 24 जनवरी से स्कूलें शुरु करने के निर्देश दिए गए थे। किंतु गोंदिया जिले में 24 जनवरी से स्कूल शुरु नहीं हो पाए थे। इस पर 25 जनवरी को जिलाधिकारी नयना गुंडे द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों व शिक्षा विभाग के साथ समन्वय सभा लेकर कोविड-19 नियमो का कड़ाई से पालन करने की शर्तो के साथ 1 फरवरी से 8 वीं से 12 वीं तक की स्कूलों को शुरु करने का आदेश जारी किया है। कक्षा 1 ली से 7 वीं तक की कक्षाएं शुरु करने का निर्णय नहीं लिया गया है। इस निर्देशों के अंतर्गत 8 वीं से 12 वीं तक की सभी कक्षाओं को शुरु करने के साथ ही 15 से 18 आयु वर्ग के विद्यार्थियों के लिए वैक्सीनेशन कैंप लेने, स्कूलों को 3 से 4 घंटे शुरु रखने, ज्यादा संख्या होने पर 1 दिन की आड़ में 50 प्रतिशत की संख्या में विद्यार्थियों को बुलाने, शिक्षकों व विद्यार्थियों को मास्क अनिवार्य, विद्यार्थियों को बुखार व उल्टी आने पर तत्काल कोविड-19 जांच, मैदान पर खेल, स्नेह सम्मेलन जैसे भीड़भाड़ वाले कार्यक्रमों पर कड़ा प्रतिबंध, विद्यार्थियों को सर्दी बुखार व खांसी होने पर स्कूल आने पर बंदी, शिक्षकों को टीकाकरण के दोनों डोज लेना अनिवार्य, स्कूलों में शिक्षकों व विद्यार्थियों के लिए हैंड वॉश स्टेशन, सेनीटाइजर का उपयोग करने तथा स्वच्छता का पालन करने, विद्यार्थियों में बैठने की व्यवस्था में अंतर होने, स्कूलों को सैनिटाइजर करने तथा पलकों की सहमति न होने पर ऑनलाइन कक्षा शुरु करने, गट शिक्षण अधिकारी, विस्तार अधिकारी, केंद्रप्रमुख के विशेष पथक द्वारा स्कूलों में समय-समय पर भेंट देकर कोविड-19 नियमो का कड़ाई से पालन हो रहा है या नहीं इसकी जानकारी लेने तथा गट शिक्षण अधिकारी के माध्यम से शिक्षा अधिकारी को प्रतिदिन मोबाइल के माध्यम से भेजा जाए इन नियमों का कड़ाई से पालन करने के साथ ही 1 फरवरी से स्कूलों को शुरु करने का आदेश दिया गया है। उपरोक्त आदेश 1 फरवरी से 15 फरवरी की समय अवधि के लिए लागू रहेगा। इसके पश्चात आगे का निर्देश जारी किया जाएगा। इस प्रकार की जानकारी जिलाधिकारी गोंदिया द्वारा दी गई है।

# लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान प्रक्रिया में सहयोग जरुरी - जिलाधिकारी नयना गुंडे

## राष्ट्रीय मतदान दिन संपन्न, पंजीयन में गोंदिया जिला विभाग में प्रथम



बुलंद गोंदिया - जिलाधिकारी कार्यालय में 12 वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी नयना गुंडे ने कहा कि भारत चुनाव आयोग मतदान प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शक बनाने के लिए कई उपाय कर रहा है। मतदाताओं को सुविधा देने के साथ ही जन सहभागिता बढ़ाने का प्रयास कर रहा है तथा लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए सभी नागरिक मतदान प्रक्रिया में अपनी सहभागिता बढ़ाएं ऐसा आव्हान किया।

गौरतलब है कि 12वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर भारत चुनाव आयोग के मुख्य आयुक्त सुशील चंद्रा के संदेश से की गई तथा आयोग द्वारा किए गए विभिन्न उपाय व मतदाताओं के लिए दिए जानेवाली सुविधाओं की जानकारी उन्होंने अपने संदेश में दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी नयना गुंडे ने कहा कि मतदान प्रक्रिया में युवकों का सहभाग बढ़ना अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवा देश के भविष्य हैं युवक मतदान प्रक्रिया में अपना सहयोग जरुर दर्ज करें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राजेश खवले ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करना आवश्यक है। मतदान से कोई भी वंचित न रहे तथा किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आकर मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करें तथा नए मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में पंजीयन करने का आहवान किया।

12 वे राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम व्यापक, आसान और सहभागिता थी। जिसके आधार पर यह मतदाता दिवस आयोजित किया गया इस थीम के आधार पर 80 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांग मतदाता व कोरोना संक्रमित मतदाताओं को आयोग द्वारा पहली बार पोस्टल मतदान की सुविधा उपलब्ध करवा कर दी है। इस प्रकार की जानकारी उपजिलाधिकारी सुभाष चौधरी द्वारा अपने प्रस्तावित में दी। जिले में 10 लाख 93 हजार 129 मतदाता है। जिसमें महिलाओं का प्रमाण अधिक है साथ ही मतदाता पंजीयन में गोंदिया जिला राज्य में प्रथम पांच आने का आने की जानकारी दी। साथ ही जिले में स्कूल महाविद्यालयों में चुनावी साक्षरता बोर्ड की स्थापना की गई जिसमें 142 मतदाता जागृति मंच जिले में कार्यरत है। चुनाव आयोग द्वारा मतदाता पंजीयन व मतदाता जागृत जनजागृति करने के निर्देश दिए थे जिसके अनुसार गोंदिया जिला चुनाव चुनाव विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य किया। जिसमें नागपुर विभाग में गोंदिया जिले के प्रथम आने पर उप जिलाधिकारी चुनाव सुभाष चौधरी का राज्य स्तरीय ऑनलाइन कार्यक्रम में सत्कार किया गया। जिला स्तरीय चुनाव संपन्न कराने व उत्कृष्ट कार्य करने के लिए गोंदिया के उपविभागीय अधिकारी विश्वास शिरसाट, अर्जुनी मोरगांव के तहसीलदार विनोद मेश्राम व गोंदिया के नायब तहसीलदार आर पालंदुरकर को भी सम्मान चिन्ह देकर सत्कार किया गया। इस अवसर पर नए मतदाताओं को मतदाता परिचय पत्र दिया गया।

कार्यक्रम का संचालन जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी राजन चौबे द्वारा किया गया । आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी नयना गुंडे, अपर जिलाधिकारी राजेश खवले, उप जिलाधिकारी चुनाव सुभाष चौधरी, निवासी उपजिलाधिकारी जयराम देशपांडे, उपजिलाधिकारी सामान्य स्मिता बेलपत्र, डॉ.सचिन चौधरी व संजय धारपिंडे प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

# सावरटोला में शराबबंदी के खिलाफ महिलाओं का हल्ला बोल

## सरपंच व सदस्यों को महिलाओं ने ग्राम पंचायत में किया कैद

संवाददाता अर्जुनी मोर - अर्जुनी मोरगांव तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम सावरटोला में ग्राम समृद्धि व संकल्प ग्राम संघ के अंतर्गत महिला बचत गट की सविता वलधरे व कविता डोये के नेतृत्व में महिलाओं द्वारा शराबबंदी को लेकर हल्ला बोल आंदोलन करते हुए सरपंच व ग्राम पंचायत सदस्यों को कार्यालय में कैद किया।

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत सावरटोला में गत 10 वर्षो से अवैध शराब बिक्री बंद थी। किंतु गत वर्ष गांव के चार व्यक्तियों द्वारा अवैध रुप से शराब की बिक्री की जा रही है। इस संदर्भ में अक्टूबर 2021 को हुई महिला ग्राम सभा में गांव में अवैध शराब बंद करने की मांग का प्रस्ताव मंजूर हुआ था। किंतु उपरोक्त प्रस्ताव पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई। इस प्रस्ताव पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई? इस संदर्भ में जब जानकारी लेने के लिए सावरटोला ग्राम के सैकड़ों महिला-पुरुष, सरपंच से जानकारी ली तो समाधानकारक जवाब नहीं मिला। जिसके चलते सैकड़ों ग्रामीणों द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय की जब मासिक सभा शुरु थी उस समय ग्राम पंचायत कार्यालय में हल्ला बोल आंदोलन करते हुए आक्रोशित नागरिकों ने मोर्चाबंदी कर सरपंच युवराज तरोने व सभी सदस्यों को ग्राम पंचायत कार्यालय में ही कैद कर मुख्य द्वार को ताला लगा दिया। जिसमें करीब 1 घंटे से अधिक उन्हें कैद खाने में रखा गया। इसके पश्चात सरपंच द्वारा अर्जुनी मोरगांव पुलिस को इस घटना की जानकारी फोन पर दी। जिसके पश्चात पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर मामले में मध्यस्ता कर अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का आश्वासन देने के पश्चात आंदोलन वापस लिया गया।




**पुलिस के सहयोग से अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई**

अक्टूबर 2021 में महिला ग्राम सभा में शराबबंदी का प्रस्ताव लिया गया था किंतु संचार बंदी के कारण उपरोक्त प्रस्ताव अमल में लाया नहीं गया। ग्राम में शराबबंदी हो यह सभी की इच्छा है। महिलाओं को साथ लेकर पुलिस के सहयोग से ग्राम में शराबबंदी की जाएंगी।

- सरपंच युवराज तरोंने

# यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करनेवाली कल्याणी जगताप का सत्कार



### विधायक विनोद अग्रवाल

बुलंद गोंदिया - गोंदिया की बेटी कल्याणी राजेंद्र जगताप को यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर गोंदिया के विधायक विनोद अग्रवाल ने कल्याणी राजेंद्र जगताप के सिविल लाईन स्थित निवास पहुंचकर कल्याणी जगताप का समस्त गोंदिया विधानसभा की ओर से अभिनंदन कर कल्याणी को हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है। साथ कल्याणी के माता-पिता को भी हार्दिक शुभकामनाएं दी।

कल्याणी ने यूपीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण की है और वह उपजिलाधिकारी बननेवाली है उनका नाम द्वितीय यादी में 13 वे क्रमांक पर है। विधायक विनोद अग्रवाल ने जिले के सभी युवाओ को कल्याणी जगताप से प्रेरणा लेने का आवाहन किया है।

**हर ग्राम में वाचनालय के माध्यम से स्पर्धा परीक्षा मार्गदर्शन पुस्तके उपलब्ध करने के लिये प्रयासरत - विधायक अग्रवाल**

विधायक विनोद अग्रवाल ने बताया कि, वाचनालय तहसील या जिले के स्थान पर होता है। इसके कारण विद्यार्थी जो स्पर्धा परीक्षा की तयारी कर रहे है उन्हें स्पर्धा परीक्षा मार्गदर्शन पर पुस्तके उपलब्ध नही हो पा रही है। इसलिए विधायक विकास निधि से पुस्तके उपलब्ध हो इसलिए उन्होंने राज्य के वित्त मंत्री अजित पवार से चर्चा की है। जिसके बाद विधायक कोटे से प्रत्येक ग्राम सम्पूर्ण महाराष्ट्र में स्पर्धा परिक्षण पुस्तक उपलब्ध करायी जा सकेंगी।

### मराठा महासंघ

बुलंद गोंदिया - गोंदिया शहर के सिविल लाइन निवासी कु. कल्याणी राजेंद्र जगताप द्वारा यूपीएससी की परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए प्रशासकीय सेवा आईएएस अधिकारी के पद पर चयन होने पर संपूर्ण मराठा समाज व गोंदिया जिले को गौरवान्वित किया है। कल्याणी जगताप के गोंदिया आगमन होने पर अखिल भारतीय मराठा महासंघ गोंदिया जिला के पदाधिकारियों द्वारा राजेंद्र जगताप के निवास स्थान पर पहुंचकर कु.कल्याणी जगताप का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत व अभिनंदन कर उज्जवल भविष्य की व शुभकामना दी।

इस अवसर पर अखिल भारतीय मराठा महासंघ के सभी सदस्य व महिला पदाधिकारी उपस्थित थे। जिसमें महेंद्र तूपकर, संतोष सुरसे, संतोष जाधव, आलोक पवार, मोहन काले, पुष्कर सावंत, सीमा बड़े, भावना कदम, शीला सावंत, विजया तुपकर, मीना तुपकर, स्वाति पवार ,स्वाति तुपकर, रेखा इंगले, नीलू मांडरे, रेखा मांडरे, मंजू मांडरे, शीतल इंगले, ईशिका बड़े व वेदिका बड़े उपस्थित थी।





# गोंदिया तहसील अधिकारीयों से परेशान जेसीबी मालक ने २६ जनवरी को पालकमंत्री के सामने आत्मदहन की दी चेतावनी

बुलंद गोंदिया - गोंदिया तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम एकोड़ी निवासी प्रमोद योगेश्वर रिनायत की जेसीबी मशीन गत 8 महीनों से जप्त कर प्रताड़ित किए जाने के चलते 22 जनवरी को आयोजित पत्र परिषद में गोंदिया तहसील प्रशासन के अधिकारियों से परेशान होकर 26 जनवरी को जिले के पालक मंत्री नवाब मलिक के सामने आत्मदहन करने की चेतावनी दी है ।

पत्र परिषद में पीड़ित द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि 26 मई 2021 को रामपुरी निवासी किसान महेंद्र मोतीलाल पटले के खेत परिसर में उसकी मालकीयत की जेसीबी मशीन कृषि भूमि का समतलीकरण करने के लिए भेजा था। इस दौरान वहां पर मंडल अधिकारी एस.जे. रघुवंशी अपने सहयोगियों के साथ आकर जेसीबी मशीन को बिना किसी जानकारी दिए गंगाझरी पुलिस थाने में जमा की व जब्ती व पंचनामा पर बोगस हस्ताक्षर किए गए। मुझ पर मुरुम व गौण खनिज का अवैध रुप से उत्खनन करने का आरोप लगाते हुए 7 लाख 50 हजार का जुर्माना लगाया गया। गत 8 महीनों से जेसीबी मशीन को छुड़ाने के लिए सभी वरिष्ठस्तर तक पत्र व्यवहार व अधिकारियों द्वारा किए गए इस बोगस कार्रवाई के संदर्भ में निवेदन भी दिया गया है, लेकिन अब तक सभी अधिकारियों द्वारा इस और अनदेखी की जा रही है। जिसके चलते मेरे परिवार पर भुखमरी का संकट निर्माण हो गया है।



जेसीबी चोला मंडल फाइनेंस से लोन पर ली गई थी जिसके कर्मचारी व अधिकारी भी मुझे गत 8 महीने से लोन की किस्त के लिए मानसिक रुप से बार-बार प्रताड़ित कर रहे हैं। इस प्रकार की प्रताड़ना से परेशान होकर न्याय न मिलने के चलते 26 जनवरी 2022 को गोंदिया जिले के पालक मंत्री नवाब मलिक के सामने आत्मा दहन की चेतावनी दी है। इस मामले में गोंदिया तहसील के शामिल अधिकारी व कर्मचारी जिम्मेदार होंगे।

विशेष यह है कि इस मामले में मंडल अधिकारी रघुवंशी द्वारा 1,00,000 की मांग की गई थी कि यदि रकम समय पर दे देंगे तो मामला दर्ज नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि यदि अवैध रुप से उत्खनन किया जा रहा था तो अन्य वाहन भी परिवहन के लिए वहां उपस्थित होना था। लेकिन इस प्रकार के कोई भी वाहन वहां पर नहीं थे तथा इस कार्यवाही में अन्य कोई वाहन भी जप्त नहीं किया गया है। कृषि कार्य के लिए होने वाले उत्खनन पर शासन के नियमानुसार किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की जा सकती है।

पत्र परिषद में कृषि भूमि मालिक रामपुरी निवासी महेंद्र मोतीलाल पटले ने भी जानकारी देते हुए बताया कि एकोड़ी निवासी प्रमोद योगेश्वर रिनायत की जेसीबी मशीन उनके द्वारा कृषि भूमि के समतलीकरण करने के लिए बुलाई गई थी। जिससे किसी भी प्रकार के मुरुम या अन्य गौण खनिज का अवैध रुप से उत्खनन नहीं किया गया। पत्र परिषद में प्रमोद रिनायत जेसीबी मालक, कृषि भूमि मालक रामपुरी निवासी महेंद्र मोतीलाल पटले, दीपक रिनायत, राजेश तायवाडे उपस्थित थे।

# पर्यावरण मंजूरी के इंतजार में जिले के रेतीघाटों की नीलामी प्रक्रिया थमी



बुलंद गोंदिया - जिले में बडे पैमाने पर रेती के घाट हैं। इन घाटों से जिला प्रशासन को करोड़ों रुपए का राजस्व प्राप्त होता है। लेकिन जिले के रेतीघाटों की नीलामी प्रक्रिया थम जाने से जिला प्रशासन को राजस्व का नुकसान पहुंच रहा है। इसका मुख्य कारण यह बताया जा रहा है कि रेतीघाटों की नीलामी के लिए पर्यावरण विभाग की मंजूरी आवश्यक होती है। लेकिन अभी तक पर्यावरण की मंजूरी नहीं मिलने के कारण जिले के रेतीघाट बंद है।

जिले में लगभग 68 रेतीघाट है। जहां से रेती का उत्खन्न कर जिले सहित अन्य जिलों में रेती का परिवहन किया जाता है। इन रेतीघाटों से जिला प्रशासन को करोडों रुपए का राजस्व प्राप्त होता है। लेकिन समय पर नीलामी प्रक्रिया नहीं होने के कारण इन रेतीघाटों से रेती का अवैध उत्खन्न कर परिवहन किया जाता है। जिससे शासन को करोडों रुपयों का राजस्व डुब जाता है। वहीं पर्यावरण को नुकसान भी पहुंचता है। नियम यह है कि रेतीघाटों की नीलामी प्रक्रिया को पूरी करने के लिए सर्वप्रथम पर्यावरण विभाग की मंजूरी लेनी पड़ती है।

बताया गया है कि जिले के 32 रेतीघाटों की नीलामी प्रक्रिया पूरी करने के लिए पर्यावरण विभाग को मंजूरी के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। लेकिन अभी तक मंजूरी नहीं मिल पायी है। जिस कारण नीलामी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। वर्तमान में उपरोक्त सभी रेतीघाट बंद है। लेकिन इनमें से अधिकांश रेतीघाटों से अवैध उत्खन्न कर रेती का परिवहन किया जा रहा है।

**आवश्यकता है**

गौशाला में गौ-सेवा के कार्य करने हेतु अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है। रहने व खाने की व्यवस्था के साथ ही योग्यतानुसार वेतन दिया जायेगा। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें...

बुलंद गोंदिया कार्यालय
जगन्नाथ मंदिर के पास, गौशाला वार्ड, गोंदिया
मो. : 9405244668, 7670079009
समय : दोपहर 12 से संध्या 5 बजे तक

# जिला नियोजन की निधि करें समय पर करे खर्च - पालक मंत्री नवाब मलिक

## वर्ष २०२२-२३ के लिए २९८ करोड का नियोजन




बुलंद गोंदिया - गोंदिया जिले की वार्षिक योजना जिला नियोजन समिति की सभा में पालक मंत्री नवाब मलिक ने प्रशासन को निर्देश दिया कि नियोजन समिति की निधि समय पर खर्च करें व वर्ष 2022-23 आर्थिक वर्ष के लिए जिले की सर्व साधारण वार्षिक योजना हेतु 298.16 करोड़ के नियोजन को मंजूरी प्रदान की। साथ ही उन्होंने आगे निर्देश दिया कि होने वाले सभी कार्यो को गुणवत्ता पूर्वक करें।

गौरतलब है कि गोंदिया जिला नियोजन समिति की ऑनलाइन सभा पालक मंत्री नवाब मलिक की अध्यक्षता में जिला अधिकारी कार्यालय गोंदिया में आयोजित हुई। आयोजित सभा में जानकारी दी गई कि जिला परिषद व पंचायत समिति के सार्वजनिक चुनाव की आचार संहिता के चलते विकास कार्यो के लिए वितरित की गई निधि का खर्च कम हुआ है। पालक मंत्री ने निर्देश दिया कि आचार संहिता खत्म होते ही योग्य नियोजन करते हुए नियोजन समिति की निधि खर्च की जाए तथा होने वाले कार्य गुणवत्ता पूर्वक हो। वर्ष 2022-23 के लिए 298.16 करोड रुपए के नियोजन को मंजूरी दी गई। विशेष यह है कि वर्ष 2022-23 के लिए शासन द्वारा 128.86 करोड रुपए की अधिकतम सीमा मर्यादा के अंतर्गत नियोजन की रुपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया था। किंतु जिले में 298.16 करोड रुपए के प्रस्ताव तैयार किए गए। जिसमें शासकीय यंत्रणा द्वारा अतिरिक्त मांग 169 करोड 30 लाख रुपए की है। उसी के अनुसार अनुसूचित जाति उपयोजना कि अंतर्गत 68.15 लाख 98 हजार की मांग की थी। आर्थिक मर्यादा योजना के अंतर्गत 44 करोड की नित्यता को मंजूर किया गया। अतिरिक्त मांग 24 करोड़ 15 लाख 97 हजार की, आदिवासी उपयोजना अंतर्गत 94 करोड़ 90 लाख 87 हजार जिसकी आर्थिक मर्यादा 47 करोड़ 49 लाख प्रस्तावित की गई थी। जिसमें अतिरिक्त मांग 47 करोड 40 लाख 97 हजार है। कृषि व संलग्न सेवा, ग्राम विकास कार्यक्रम, सामाजिक व सामूहिक सेवा, पाटबंधारे व बाढ़ नियंत्रण, ऊर्जा, उद्योग व खान, परिवहन, सामान्य सेवा, सामान्य आर्थिक सेवा, नाविन्यपूर्ण योजना व शिक्षण प्रकल्प योजना आदि योजनाओं पर यह निधि खर्च की जाएंगी।

साथ ही सभा में जानकारी दी गई कि इस वर्ष धान की खरीदी भरपूर मात्रा में हुई है, किंतु अब तक मिलिंग शुरु नहीं हुई है। इस संदर्भ में भी सभा में चर्चा की गई। धान मिलिंग के संदर्भ में जल्द ही उपमुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सभा लेकर इस सभा में अन्न वह आपूर्ति मंत्री तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति रहेंगे, ऐसी जानकारी पालक मंत्री द्वारा दी गई। सर्वसाधारण योजना, अनुसूचित जाति उपायोजना, आदिवासी उपयोजना के अंतर्गत पेश किए गए पूर्व नियोजित प्रस्ताव को मान्यता प्रदान की गई। इस ऑनलाइन सभा में विधायक विनोद अग्रवाल, विधायक मनोहर चंद्रिकापुरे, सहेसराम कोरोटी, जिलाधिकारी नयना गुंडे, जिला परिषद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अनिल पाटिल, पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे विशेष आमंत्रित सदस्य गंगाधर परशुरामकर, राजेंद्र जैन, नरेश माहेश्वरी, सुनील लांजेवार, मुकेश शिवहरे, नामदेव किरसान, जिला नियोजन समिति सदस्य हेमलता पतेह, विनीत सहारे, अपर जिलाधिकारी राजेश खवले, जिला नियोजन अधिकारी कावेरी नाखले व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# १ तेंदुआ व ३ जंगली सूअर की कुएं में गिरकर मौत







बुलंद गोंदिया - तिरोडा वन परीक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बोंडरानी/किंडगीपार निवासी हरिश्चंद्र दादूजी तुरकर के खेत परिसर में 21 जनवरी की रात 7.30 बजे के दौरान 1 तेंदुए व 3 जंगली सूअर की कुएं में गिरकर मौत हो गई।

गौरतलब है कि तिरोडा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बोंडरानी/किंडगीपार निवासी हरिश्चंद्र दादूजी तुरकर के खेत परिसर में स्थित कुएं में 21 जनवरी की शाम 7.30 बजे के दौरान 1 तेंदुआ व 3 जंगली सूअर के गिरने की जानकारी तिरोड़ा के वन परीक्षेत्र अधिकारी एस.के. आकरे, क्षेत्र सहायक एस.जी. पारधी, बीट रक्षक बोंडरानी महेंद्र सूर्यवंशी को प्राप्त होते ही अन्य वन कर्मचारियों के साथ घटनास्थल पर तत्काल पहुंचकर निरीक्षण किया। जिसमें कुएं में 1 तेंदुआ व 3 जंगली सूअर मृत अवस्था में दिखाई दिए। इस मामले में तत्काल जानकारी उप वन संरक्षक गोंदिया व सहायक वन संरक्षक गोंदिया को दी गई। रात का समय व अंधेरा होने के चलते 22 जनवरी की सुबह कुए से मृत वन्यजीवों का शव निकाला गया।

इस समय उप वन संरक्षक कुलराज सिंह, सहायक वन संरक्षक आर.आर. सदगीर, वन परीक्षेत्र अधिकारी एस.के. आकरे, पूर्व मानद वन्यजीव संरक्षक मुकुंद धुर्वे, मानद वन्यजीव संरक्षक सावन बहेकार, बीट रक्षक सूर्यवंशी व अन्य वन कर्मचारी उपस्थित थे। पशुधन विकास अधिकारी तिरोड़ा डॉ.विवेक गजरे, पशुधन विकास अधिकारी वड़ेगांव रेणुका शेंडे की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर शव विच्छेदन किया। जिसमें जानकारी प्राप्त हुई कि तेंदुआ नर तथा सभी जंगली सूअर मादा थी।

उपरोक्त मामले में मृत वन्यजीवों के सभी अंग सही सलामत थे। जिसके पश्चात मृत्यु वन्यजीवों का सभी की उपस्थिति में अंतिम संस्कार किया गया। वन विभाग द्वारा इस मामले में सभी दिशा में जांच शुरु की है।

## आश्रम स्कूल से अनाज की चोरी

बुलंद गोंदिया - केशोरी पुलिस थाना अंतर्गत् ग्राम ईडदा की आश्रम स्कूल से अज्ञात चोरों ने कमरे में रखे अनाज को चुरा लिए जाने की घटना सामने आयी है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अर्जुनी मोरगांव तहसील के ग्राम ईडदा की आश्रम स्कूल में स्कूल प्रशासन ने विद्यार्थीयों के भोजन के लिए कमरे में अनाज को रखा था। जिसे मौका पाकर अज्ञात चोरों ने चुरा लिया। चुराए गए अनाज में चावल 75 किलो, गेंहू 30 किलो, तुवरदाल 40 किलो, तेल दो टिन, मटकी 30 किलो, मुंग 23 किलो, चना 14 किलो, बटाना 20 किलो इस तरह कुल 18 हजार 836 रुपए किमत का अनाज चुरा लिया। ईडदा निवासी फरियादी माधव अन्नाराव कुंभार (39) की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भादवि की धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज किया है। आगे की जांच पुलिस हवालदार प्रल्हाद देव्हारे कर रहे है।

# कोरोना संक्रमित मरीजों को होम आइसोलेशन का प्रमाणपत्र कोविड केयर सेंटर से होगा लेना

## मरीजों की बढ़ती संख्या के चलते शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में शुरु हुआ सेंटर

बुलंद गोंदिया - गोंदिया जिले व तहसील में कोरोना वायरस संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है। जिससे मरीजों की संख्या प्रतिदिन बढ़ रही है। जिसे देखते हुए गोंदिया तहसील प्रशासन द्वारा शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में कोविड केयर सेंटर शुरु किया गया है। गोंदिया तहसील में जो व्यक्ति जांच में कोरोना संक्रमित पाया जाता है, ऐसे मरीजों को 24 घंटों के अंदर कोविड-19 सेंटर में जाकर होम आइसोलेशन (गृह विलगीकरण) का प्रमाणपत्र लेना अनिवार्य होगा तथा उन्हें सभी नियमों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य है। अन्यथा ऐसे मरीजों की होम आइसोलेशन रद्द कर उन्हें कोविड-19 सेंटर में दाखिल कराया जाएगा। विशेष यह है कि संक्रमित मरीजों को सिर्फ शासकीय संस्थाओं के प्रमाणपत्र ही मान्य होंगे। वे निजी चिकित्सक से लिए गए प्रमाणपत्र मंजूर नहीं होंगे तथा तहसील प्रशासन द्वारा जारी की गई सूचनाओं का पालन न कर अन्य संस्थाओं या निजी चिकित्सक या व्यवसायिक से होम आइसोलेशन प्रमाणपत्र लिए पाए जाने पर आपदा व्यवस्थापन कानून तथा जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी किए गए नियम के अनुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। तहसील प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से आव्हान किया गया है कि संक्रमित होने पर होम आइसोलेशन का प्रमाणपत्र कोविड-19 सेंटर पॉलिटेक्निक कॉलेज गोंदिया से प्राप्त करें।






स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिंटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया, ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया ४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित। संपादक : संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र. ९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है ऐसा नहीं है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया।